# मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के अंतर्गत श्रावस्ती पुलिस ने किया बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन

## मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में नया संकल्प-एसपी

» सद्भावना का प्रतीक

श्रावस्ती । राहुल भाटी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी 09 थानों- कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न श्रावस्ती व महिला थाना की मिशन शक्ति एवं शक्ति मोबाइल टीमों ने मिलकर 16 स्थानों पर यह जन-जागरूकता अभियान चलाया।इन सम्मेलनों में लगभग 1900 महिलाएँ एवं बालिकाएँ जिनमें आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गृहिणियाँ, विधवा एवं तलाकशुदा महिलाएँ शामिल रही ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।चौपाल जैसी खुली संवाद शैली में आयोजित इन कार्यक्रमों में महिलाओं को बताया गया कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव है, और अधिकारों की जानकारी ही सच्ची स्वतंत्रता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृशक्ति सम्बल योजना तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे सामाजिक व आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में निःसंकोच 1090, 181, 1930, 112, 108, 1098, 102 या मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर संपर्क करें। किशोरियों को बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशे की प्रवृत्ति, साइबर सुरक्षा तथा गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवेदनशील किया गया। उन्हें यह भी प्रेरित किया गया कि शिक्षा, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास उनका सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्तिश्रावस्ती पुलिस का यह सतत प्रयास है कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से जनपद की हर बेटी, बहू और माँ तक सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश पहुँचे। टीमों ने आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों का प्रदर्शन किया और महिलाओं को समाज में आत्मविश्वास से अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया।



# 16 स्थानों में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को 16 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति व शक्ति मोबाइल टीमों ने सुरक्षा के लिए बने कानून, सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। किशोरियों को बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशे की प्रवृत्ति, साइबर सुरक्षा तथा गुड टच-बैड टच आदि की जानकारी दी गई।

# वाहन चलाते समय करें यातायात नियम का पालन

**श्रावस्ती।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक नवम्बर से यातायात माह की शुरुआत की गई है। यातायात माह के दूसरे दिन रविवार को प्रभारी यातायात व उनकी टीम ने भिनगा कोतवाली के सेमरी चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया। जिसमें लोगों से वाहन चलाते समय यातायात नियम का पालन करने की अपील की गई।